**A-0152**

**Total Pages : 3** **Roll No. ........................**

# BAHL-202

## Bachelor of Arts (BA)

## पद्य साहित्य–2 एवं लोक साहित्य

2nd Year Examination, Session December 2024

Time : 2:00 Hrs. Max. Marks : 70

**नोट :–** यह प्रश्न–पत्र सत्तर (70) अंकों का है, जो दो (02) खण्डों 'क' तथा 'ख' में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों को हल करना है। ***परीक्षार्थी अपने प्रश्नों के उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका तक ही सीमित रखें। कोई अतिरिक्त (बी) उत्तर–पुस्तिका जारी नहीं की जायेगी।***

### खण्ड–क

**(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)** 2×19=38

**नोट :–** खण्ड 'क' में पाँच (05) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल **दो** (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. आधुनिक हिन्दी काव्य के प्रमुख काव्यान्दोलनों का नामोल्लेख करते हुए प्रमुख प्रवृतियों पर प्रकाश डालिए।

2. मुक्तिबोध जीवन संघर्ष, संत्रास एवं तनाव के कवि हैं इस कथन की समीक्षा कीजिए।

3. प्रगतिवाद एवं प्रयोगवाद को परिभाषित करते हुए दोनों के एक–एक कवियों का परिचय दीजिए।

4. लोक साहित्य से आप क्या समझते हैं ? लोकसाहित्य की विभिन्न विधाओं का परिचयात्मक विवरण दीजिए।

5. लोकगाथा किसे कहते हैं ? लोकगाथा की सामान्य प्रवृतियों का उल्लेख करते हुए किसी एक गढ़वाली/कुमाउनी लोकगाथा को लिखिए।

## खण्ड–ख

**(लघु उत्तरीय प्रश्न)** 4×8=32

**नोट :–** खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल **चार** (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. अज्ञेय कृत असाध्य वीणा का मूल प्रतिपाद्य क्या है ? स्पष्ट कीजिए।

2. फैन्टेसी से आप क्या समझते हैं ? मुक्तिबोध के काव्य में प्रयुक्त फैन्टेसी की विवेचना संक्षेप में कीजिए।

3. "शमशेर बहादुर सिंह प्रगतिवाद एवं प्रयोगवाद दोनों की चेतना से भिन्न कवि हैं।" संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए।

4. श्रीकांत वर्मा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालिए।

5. केदारनाथ सिंह जवीन के उल्लास के कवि हैं, इस कथन के आलोक में केदारनाथ सिंह की काव्यकला पर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

6. लोकगीत किसे कहते हैं ? विषय के आधार पर लोकगीतों का वर्गीकरण कीजिए।

7. गढ़वाली लोककथाओं की सामान्य प्रवृतियों का उल्लेख कीजिए।

8. लोकसाहित्य के संरक्षण में आने वाली बाधाओं का उल्लेख करते हुए संरक्षण हेतु सामान्य सुझाव दीजिए।

**************